इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 135

30 नवम्बर, 2015 को उत्तर के लिए

इस्पात क्षेत्र में शोध और विकास

135. श्री राजू शेट्टी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार इस्पात क्षेत्र के अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने का है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और चालू वर्ष के दौरान इस उद्देश्य के लिए कितनी
निधियां आबंटित की गई हैं?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) और (ख): भारत में इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान और विकास संबंधी कार्य मुख्यत: बड़े एकीकृत इस्पात संयंत्रों और कुछ आर एण्ड डी प्रयोगशालाओं तथा शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा किये जाते है। इस्पात मंत्रालय केन्द्र सरकार की इस्पात विकास निधि (एसडीएफ) और योजना निधि से वित्तीय सहायता प्रदान करके आर एण्ड डी को सुविधा प्रदान करता है। चालू वर्ष के लिए एसडीएफ स्कीम के तहत 20 करोड़ रूपये और योजना निधि के तहत 15 करोड़ रूपये की निधि का आवंटन किया गया है।

***